दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 196 मुरादाबाद, 04 November 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999/- में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

## संक्षिप्त समाचार

### हवा में जहर और बढ़ा, अस्थमा के दौरा पड़ने के मामले बढ़े, कई मरीजों को ऑक्सीजन की पड़ रही जरूरत

गाजियाबाद के दोनों जिला अस्पताल में बीते 24 घंटे में 700 से ज्यादा मरीज ऐसे पहुंचे जिन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। 56 को अस्थमा का दौरा पड़ा था। इनमें से 42 को तत्काल ऑक्सीजन देनी पड़ी।दिवाली से पहले ही हवा में घुला धूल और धुएं का जहर सांस रोगियों की सांसें संकट में डाल रहा है। गाजियाबाद में गुरुवार को दोनों जिला अस्पताल में 700 से ज्यादा मरीज ऐसे पहुंचे जिन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। 56 को अस्थमा का दौरा पड़ा था। इनमें से 42 को तत्काल ऑक्सीजन देनी पड़ी। हालत इतनी खराब हो चुकी है कि बाह्य रोगी विभाग ( ओपीडी ) में हर दूसरा मरीज सांस की तकलीफ लेकर ही आ रहा है। कोई खांसते हुए आता है तो कोई छींकते हुए। गुरुवार को सरकारी और पांच बड़े निजी अस्पतालों में सांस के 752 मरीज इलाज कराने पहुंचे। एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में 73 और संयुक्त अस्पताल में 32 मरीज पहुंचे। दोनों अस्पतालों की ओपीडी में 481, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डासना, मोदीनगर, मुरादनगर, लोनी में 105 मरीज सांस लेने में परेशानी होने पर पहुंचे थे। वहीं, शहर के पांच निजी अस्पतालों में 81 मरीज आए। एमएमजी और संयुक्त अस्पताल के ओपीडी में हर दूसरा मरीज गले में खराश, सिर दर्द और बेचैनी से परेशान था। सरकारी अस्पताल में 30 फीसदी और प्राइवेट में 25 फीसदी मरीजों की वृद्धि दर्ज की गई। आईएमए के पूर्व अध्यक्ष छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष अग्रवाल ने बताया कि अचानक वायु प्रदूषण बढ़ जाना पहले से बीमार लोगों के लिए ट्रिगर का काम कर रहा है। सुबह आठ बजे ही चार ऐसे मरीज इमरजेंसी में आए जिन्हें भर्ती करना पड़ा, इनमें से तीन का ऑक्सीजन स्तर 70 से 80 के बीच था। मौसम बदलाव होने पर लोगों की प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही थी, लेकिन इस बार मरीजों का ऑक्सीजन स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। पहले से बीमार मरीजों को ज्यादा परेशानी एमएमजी अस्पताल के फिजिशियन डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि उनकी ओपीडी में 412 मरीज आए थे। इनमें से हर दूसरा मरीज गले में खराश और आंख में जलन की परेशानी बता रहा था।

## बलिया में बोले सीएम योगी, 1942 में आजादी का एहसास भी देश को बलिया की माटी ने कराया



सीएम ने बासडीह के पिंडहरा में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में सीएम ने अपना संबोधन दिया। अपने 35 मिनट के संबोधन में सीएम ने राजनीतिक दल पर टिप्पणी करने से गुरेज किया, लेकिन अपनी सरकार की उपलब्धियों का खूब बखान किया। कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती थी कि महिला आरक्षण कानून मूर्त रुप ले। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के बलिया में पहुंचे। सीएम ने बासडीह के पिंडहरा में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन के दौरान जनपद वासियों को 128.67 करोड रुपए लागत की परियोजनाओं का उपहार दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि बलिया की धरती क्रांति है, चुनौती से अपना रास्ता बनाती है। गुलामी के दौर में आजादी की चिंगारी को सुलगाने का कार्य मंगल पांडे ने किया और देखते देखते पूरे देश में क्रांति की लहर दौड़ गई। इतना ही नहीं सन् 1942 में आजादी का एहसास भी देश को बलिया की माटी ने कराया था। इतना ही नहीं जब लोकतंत्र खतरे में था तब जयप्रकाश नारायण ने नागरिकों के मौलिक अधिकार की सुरक्षा के लिए संघर्ष किया। जिसमें जिले के सपूत और देश के पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर ने उनका साथ दिया था।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री बांसडीह के पिंडहरा में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। अपने 35 मिनट के संबोधन में सीएम ने राजनीतिक दल पर टिप्पणी करने से गुरेज किया, लेकिन अपनी सरकार की उपलब्धियों का खूब बखान किया। कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती थी कि महिला आरक्षण कानून मूर्त रुप ले। इसीलिए उसे लंबे समय से लटकाए रखा था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति के आगे किसी की एक नहीं चली और मजबूरन सबकों इसका समर्थन करना पड़ा। सीएम ने कहा कि आरक्षण से महिलाओं का तेजी से विकास होगा। कहा कि दीपावली पर उज्जवला योजना के कनेक्शनधारियों को मुफ्त सिलेंडर दिया जाएगा। साथ ही बलिया के विकास के लिए गंगा और सरयू नदी में जेटी का का निर्माण कराया जाएगा। ताकि बलिया से अयोध्या सीधे जुड़ सकें। जल मार्ग का विकास होने से जिले में रोजगार सृजन होगा। कहा कि सरकार ने आयुष्मान योजना की धनराशि में बढ़ोत्तरी की है। साथ ही बेटियों को शादी के लिए 51 हजार रुपये दे रही है। बेटियों की सुरक्षा के लिए नए कायदे-कानून बनाए गए है। ताकि हमारी बेटियां बेखैफ होकर विकास में सहभागी बनें।कहा कि जिले के विकास में धन की कमी आड़े नहीं आएगी। जिले को शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज का तोहफा मिलेगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय में नए भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बलिया श्रीअन्न और सब्जी की प्राकृतिक खेती हो रही है। इसे देश और विदेशों के बाजारों में पहुंचाने के लिए सरकार काम कर रही है। महिलाओं के विकास के लिए गांव स्तर पर स्वयं सहायता समूहों की सक्रियता सराहनीय है।

## वर्ल्ड फूड फेस्टिवल का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, बोले- स्वाद और तकनीक का फ्यूजन नए भविष्य को जन्म देगा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रगति मैदान में मेगा फूड इवेंट वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी शुक्रवार को प्रगति मैदान में मेगा फूड इवेंट वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री कहा, पिछले नौ वर्षों में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के निर्यात में 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आज हमारा कृषि-निर्यात विश्व स्तर पर 7वें स्थान पर पहुंच गया है। खाद्य क्षेत्र में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जिसमें भारत ने प्रगति न की हो। यह विकास तीव्र लग सकता है, लेकिन यह निरंतर और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। हमारी सरकार के कार्यकाल के दौरान, भारत ने पहली बार कृषि क्षेत्र में निर्यात नीति लागू किया है। हमने पूरे भारत में लॉजिस्टिक्स और बुनियादी ढांचे का एक नेटवर्क स्थापित किया है।पीएम ने आगे कहा कि स्वाद और तकनीक का ये फ्यूजन एक नए भविष्य को जन्म देगा, एक नई इकोनॉमी को गति प्रदान करेगा। आज की बदलती हुई दुनिया में 21वीं सदी की सबसे प्रमुख चुनौतियों में से एक फूड सिक्योरिटी भी है। इसलिए %वर्ल्ड फूड इंडिया का ये आयोजन और भी अहम हो गया है। साथ ही कहा कि भारत में प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग को उभरते क्षेत्र के रूप में देखा जाता है। पिछले नौ वर्षों में इस क्षेत्र ने एफडीआई में 50,000 करोड़ रुपए को आकर्षित किया है। यह भारत सरकार की उद्योग समर्थक और किसान समर्थक नीतियों का परिणाम है। फेस्टिवल में मिलेगा ये सब- वर्ल्ड फूड फेस्टिवल में इस बार संचारी और गैर संचारी दोनों तरह के रोगों से खुद को दूर रखने के लिए आयुष आहार दिखाई दिया। इसमें चेन्नई का पंचमुत्ती दलिया, रागी से बने दिल्ली के रग्गी लड्डू और जयपुर के त्रिफला जैम तक का स्वाद चखने को मिलेगा। केंद्रीय आयुष मंत्रालय की ओर से इसमें देश के सभी आयुष शोध संस्थान और स्टार्टअप हिस्सा ले रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, तीन से पांच नवंबर के बीच दिल्ली के प्रगति मैदान में लगातार दूसरे वर्ष सरकार विश्व खाद्य इंडिया महोत्सव मना रही है। इस वैश्विक समारोह के जरिये सरकार भारत के पारंपरिक खाद्य को दुनिया के सामने ला रही है, जिनके सेवन से स्वस्थ जीवन का आनंद लिया जा सकता है। - केंद्रीय आयुष मंत्रालय का कहना है कि इस उत्सव को खास बनाने के लिए चैन्ने के सीसीआरएस ने पंचमुत्ती दलिया, हिबिस्कस जैम, हिबिस्कस जलसेक चाय, सफेद ज्वार की गेंदें, ओक फर्न कंद सूप, फिंगर मिलेट बॉल, हलीम नाचोस और भृंगराज कन्फेक्शनरी की पेशकश की है। इनके अलावा दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के डॉक्टरों ने रग्गी लड्डू, मुदगयुषा और यवडी रोटिका प्रीमिक्स, जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की ओर से रग्गी कुकीज ( रग्गी बाजरा के आटे से समृद्ध ), एनर्जी बूस्टर ( भुनी हुई जौ के साथ ), त्रिफला जैम शामिल किया है।

विशेषज्ञ देंगे 36 तरह के आहार की जानकारी-महोत्सव में पुणे स्थित एनआईएन, सीसीआरयूएम और सीसीआरएएस-सीएआरआई बेंगलुरु के विशेषज्ञ कुल 36 तरह के आहार के बारे में जानकारी उपलब्ध कराएंगें। मंत्रालय का कहना है कि आयुष का मतलब सिर्फ घरेलु नुस्खे नहीं बल्कि बीमारी की रोकथाम से लेकर निदान, उपचार और मरीज के आगामी गुणवत्ता युक्त जीवन से जुड़ा है।

प्रत्येक आहार के लिए होगा क्यूआर कोड-मंत्रालय के अनुसार, आयुष आहार के लिए छह काउंटर लगाए जाएंगें। प्रत्येक संस्थान पांच से छह खाद्य प्रदर्शित करेंगे। प्रत्येक आहार के लिए क्यूआर कोड भी है। वहीं, स्टार्टअप के लिए छह स्टॉल आवंटित किए हैं जिन पर 18 स्टार्टअप अलग अलग दिन आयुष आहार प्रदर्शित करेंगे।

## 'सुप्रीम कोर्ट को नहीं बनने दे सकते तारीख पे तारीख अदालत', सीजेआई ने वकीलों को लगाई फटकार



दिन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों द्वारा नये मामलों में स्थगन की मांग का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों के अंदर 3,688 मामलों में स्थगन पर्ची दाखिल की गई हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को वकीलों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को तारीख पे तारीख अदालत बनने नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने बार से अपील की है कि मामलों को बहुत जरूरत पर पड़ने पर ही स्थगित किया जाए।साढ़े तीन हजार से अधिक मामलों में स्थगन पर्ची दाखिल की गईं दिन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों द्वारा नये मामलों में स्थगन की मांग का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों के अंदर 3,688 मामलों में स्थगन पर्ची दाखिल की गई हैं। जब तक बहुत जरूरी न हो, कृपया स्थगन पर्ची दाखिल न करें। हम नहीं चाहते...- न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और प्रधान न्यायाधीश वाली पीठ ने कहा, हम नहीं चाहते कि यह अदालत तारीख-पे-तारीख अदालत बने।' गौरतलब है, बॉलीवुड फिल्म दामिनी में सनी देओल का मशहूर डायलॉग %तारीख-पे-तारीख था, जिसमें अभिनेता ने अदालतों में लंबित होते मामलों पर अफसोस जताया था।प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि नये मामलों को अब सूचीबद्ध करने में समय नहीं लगता है, लेकिन जब वह सुनवाई के लिए आते हैं तो वकील लंबित करने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया बाहरी दुनिया को बहुत बुरा उदाहरण देती है। मैं स्थगन पर्चियों पर नजर रख रहा- मुख्य न्यायाधीश ने कहा, %बार के सदस्यों से मेरा एक अनुरोध है कि आज के लिए 178 स्थगन पर्चियां आई हैं और मैं स्थगन पर्चियों पर नजर रख रहा हूं और मुझे कुछ आंकड़े मिले हैं। बार के सदस्यों द्वारा सितंबर से अक्तूबर तक औसतन प्रतिदिन 150 स्थगन पत्र दिए गए। .मुख्य न्यायाधीश ने कहा, इन दो महीनों के दौरान 3688 स्थगन पर्चियां मांगी गई हैं। मेरा मानना है कि यह मामले को दाखिल करने से लेकर लिस्टिंग तक की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य को विफल कर देगा।'

## कूटनीति को पुनर्जीवित करने के लिए नए दृष्टिकोण की जरूरत, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कही बात



चाणक्य रक्षा संवाद 2023 कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिरकत की। संबोधन के दौरान उन्होंने कहा, युद्ध के लिए तैयार रहना शांति का मार्ग है। एक राष्ट्र की ताकत सबसे प्रभावशाली रक्षा और निवारक है। चाणक्य रक्षा संवाद 2023 कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिरकत की। शुक्रवार को कार्यक्रम में उन्होंने कहा, कूटनीति को पुनर्जीवित करने के लिए नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है। बहुआयामी दृष्टिकोण, विचार, वकालत, आउटरीच, अनुनय और संवाद के संयोजन के साथ-साथ सतर्क और तैयार रहते हुए शांति प्राप्त करने और बनाए रखने के सर्वोपरि महत्व को रेखांकित किया।संबोधन के दौरान उन्होंने कहा, युद्ध के लिए तैयार रहना शांति का मार्ग है। एक राष्ट्र की ताकत सबसे प्रभावशाली रक्षा और निवारक है। धनखड़ ने सुरक्षा माहौल को बढ़ाने में अभिन्न घटकों के रूप में देश की सॉफ्ट पावर और आर्थिक ताकत का उपयोग करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, एआई, रोबोटिक्स, क्वांटम, सेमी-कंडक्टर, बायो-टेक, ड्रोन और हाइपरसोनिक्स जैसी गहरी प्रौद्योगिकियों के उद्भव ने युद्ध के चरित्र को फिर से लिखा है। इन क्षेत्रों की कुशलता और भविष्य की रणनीतिक समृद्धि और असफलता का निर्धारण करेगी। यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रहे युद्धों का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने चिंता व्यक्त की कि वैश्वीकरण और आर्थिक परस्पर निर्भरता के बावजूद संघर्ष जारी है। राष्ट्रीय सुरक्षा आज असंख्य विशेषताओं और क्षमताओं का एक समूह है। सेना इसका सिर्फ एक हिस्सा है, उन्होंने ऐसे संकल्प खोजने के लिए एक मजबूत शक्ति गतिशील बनाने के लिए विभिन्न टुकड़ों को एक साथ आने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो वर्तमान परिवेश में सटीक हो सके।

## सामूहिक दुष्कर्म में ज्ञानपुर के पूर्व विधायक विजय मिश्र दोषी करार, बेटा व नाती दोषमुक्त



भदोही में ज्ञानपुर से पूर्व विधायक विजय मिश्र को एमपीएमएलए कोर्ट ने सामूहिक दुष्कर्म के मुकदमे में दोषी करार दिया है। सजा के मामले में शनिवार को फैसला सुनाया जाएगा। उसी मुकदमें में पूर्व विधायक के बेटे विष्णु मिश्र और नाती ज्योति उर्फ विकास मिश्रा साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त हो गए। फैसले को लेकर न्यायालय में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।सामूहिक दुष्कर्म के मुकदमें में एमपीएमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व विधायक विजय मिश्र पर दोषसिद्ध कर दिया। सजा के मामले में शनिवार को फैसला सुनाया जाएगा। उसी मुकदमें में पूर्व विधायक के बेटे विष्णु मिश्रा और नाती ज्योति उर्फ विकास मिश्रा साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त हो गए। फैसले को लेकर न्यायालय में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। डाग स्क्वायड, क्राइम ब्रांच संग थाने की पुलिस तैनात रही। रिश्तेदार की संपति हड़पने के मामले में पूर्व विधायक विजय मिश्र समेत कुनबे के छह सदस्यों पर जुलाई 2020 में मुकदमा दर्ज किया गया था। उसके बाद मध्य प्रदेश के आगर से उन्हें गिरफ्तार किया। पूर्व विधायक की गिरफ्तारी के बाद वाराणसी की एक गायिका ने पूर्व विधायक, बेटे विष्णु मिश्रा, नाती विकास मिश्रा के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें करीब तीन साल से कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। एक सप्ताह पूर्व सुनवाई पूर्ण होने पर तीन नवंबर को सजा के फैसले की सुनवाई की तिथि तय की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती संग सीओ, ज्ञानपुर थाने की पुलिस, क्राइम ब्रांच की टीम अलर्ट मोड में रही।

## संपादकीय Editorial

# Phone burglary

Multinational company Apple sent an alert to some opposition leaders that your iPhones can be hacked. Attackers can also try to access your phone's sensitive data, cameras and microphones etc. Apple has sent this alert not only to opposition leaders but also to people who are not in public life. This alert has also reached some journalists and scholars. This alert has also been sent to 150 countries where Apple iPhones are used. It is clear that this warning is global, hence the shouting of the opposition leaders is just politics. Apple has also clarified in its statement that such alerts come on the basis of intelligence signals, which may prove to be incomplete and even wrong. The company has talked about government-sponsored attackers, but has not disclosed any 'specific government'. Apple has denied that the system deals with such hacking threats. The company cannot even tell under what circumstances the alert had to be given, because by giving this information hackers can find ways to avoid it. That means it is clear that phone hackers could be from China, Pakistan or any other country! Apple has sent this warning message to opposition leaders and 150 countries at the same time, hence it seems suspicious and questionable. If hacking has taken place or is being done, it must have been done at different places and at different times. Still, we can accept that the Modi government has hacked the phones of some opposition leaders and spokespersons, but what could be the government's concern in hacking the phones of 150 countries and non-political faces?

What will be gained from them? More than 2 crore people use iPhone in India and there are about 146 crore users worldwide. Are all of them the target of Modi government or was an alert sent to everyone? Apple should give various clarifications in this regard. However, as per the announcement of Union Information Technology Minister Ashwini Vaishnav, investigation has been started. Apple will also be under investigation. Apple has been asked to provide factual and accurate information on alleged 'state-sponsored attacks'. The Indian Computer Emergency Response Team (CERT-IN) will investigate and try to get to the bottom. The minister has termed it a conspiracy to defame the Government of India and the politics of opposition to divert attention. 'Phone theft' is not a new issue. There is no attack on anyone's privacy and confidentiality. The discussion about spying software purchased from Israel is once again becoming vocal. However, nothing concrete came to light in the investigation which was conducted under the supervision of the Supreme Court. Then the apex court had also given the option to deposit their respective phones with the government, so that an internal investigation could be done whether they were spied on or not. Then Congress leader Rahul Gandhi also did not submit his phone. Today again old, immature statements are being repeated. The question is, what could be the role of Adani in the context of phone hacking? Whom has Rahul Gandhi called 'parrot'? Did Adani not do business during the tenure of Congress governments? Were they not given contracts? The country should ask such questions to the Congress leader. In fact, among those whose phones have been accused of burglary, most of the faces are politically irrelevant or have been accused. What will Modi government gain by hacking their phones? He is also not in a position to give a political challenge to the BJP. If there was anything concrete in Apple's warning message, the opposition should have filed an FIR instead of a press briefing. However, Uddhav faction's Shiv Sena MP Priyanka Chaturvedi, CPM general secretary Sitaram Yechury and Congress leader Shashi Tharoor have raised this issue.

# India: Towards the third largest economy, conditions are favorable for strong economic growth

Healthy balance sheets of banks and corporates, supply chain normalization, business optimism, strong consumer sentiment and strong government capital expenditure are conducive to strong economic growth in India. On the strength of all this, India is rapidly moving towards becoming the third economy. India has witnessed tremendous progress in many areas, including digitization, formalization of the economy, better policy environment to attract investment in manufacturing and a huge increase in spending on infrastructure. Due to continuity of policies the basis for positive development of India has been laid. India remains the world's fastest growing economy with a growth of 7.8 percent in the first quarter of FY-24. This growth is supported by strong consumption, ongoing investment in infrastructure and real estate sectors, sustained growth in service exports, a thriving services sector, positive consumer and business growth. The latest estimates of the Reserve Bank have estimated real GDP growth for India at 6.5 percent in FY 2024 and 6.2 percent in FY 2025. Several policy reforms and supports, the government's focus on huge capital expenditure, strong corporate and bank balance-sheets (including NPAs which have been contained) have laid a strong foundation for sustained economic growth for a long time to come. Have done. India, which was the tenth largest economy in terms of global GDP in 2014, has now become the fifth largest economy. There has also been an improvement in terms of per capita income and it has now come down to 127th position from 147th position in 2014. During this period, historic reforms like GST, IBC, Jan Dhan, Aadhaar, UPI and PLI schemes have taken place. Inflation has also been significantly controlled. This is due to low increase in MSP, fortunately reduction in crude oil/commodity prices and prudential measures during Covid. Additionally, business sentiment has improved with a sharp jump in the Ease of Doing Business index. And now India is moving rapidly towards its goal of becoming the third largest economy. There has been unprecedented growth in infrastructure development. India has massively increased its investment in public infrastructure. Highways have grown by nearly 60 per cent in the last nine years and investment in railway infrastructure has increased more than four times. The capacity of ports has increased by 83 percent. The length of the metro line has increased three and a half times, due to which more cities have been connected to the metro rail line. Under the UDAN scheme, work has been done to operate 73 new airports. There has also been huge success on the front of financial inclusion and digitalization. Thanks to 50 crore Jan Dhan accounts opened since 2014, more than 80 percent of the people will have bank accounts in the year 2023. Direct benefit transfer was Rs 7,400 crore in 2014, which has increased to Rs 7 lakh crore in FY 2023. The government has eliminated delays and middlemen by effectively using Jan Dhan-Aadhaar-Mobile-PAN to deliver subsidies. Unified Payment Interface (UPI) has also made tremendous progress. Growth in automobile sales, rising electricity demand, e-way bill volumes, growth in passenger traffic, higher growth in bank credit flows to the domestic sector and improvement in rural demand growth indicate rising consumption. The infrastructure and real estate sectors are flourishing, which is reflected in the increase in industrial production index, consumption of cement, steel and government spending on infrastructure. Gross fixed capital formation as a percentage of GDP has also increased. However, lower growth of the manufacturing sector compared to the overall economy, contraction in exports and imports of goods, and lower levels of FDI, venture capital (VC) and private equity (PE) funds into the economy, as well as crude oil and bulk electricity prices. The rise in prices raises some concerns. GST collections have so far outpaced GDP growth. Direct tax collections in the first half of the current financial year indicate strong corporate performance. Services sector growth reached a 13-year high in September on the back of a strong increase in new business amid strong demand conditions, and the number of jobs continued to rise as the overall business environment improved. The latest Purchasing Managers' Index (PMI) results brought positive news for India's services sector, with September seeing the biggest growth in business activity and new work sector entries in 13 years. The latest data showed a substantial increase in new business from Indian service providers, the second fastest growth since June 2010. In addition to the increase in overall sales, companies have seen increased demand from customers overseas, particularly in Asia, Europe, and North America. As the festive season begins, consumption is expected to increase strongly. Domestic passenger vehicle sales and GST collection figures indicate a healthy economic scenario. After facing immense challenges during the pandemic, India's real estate sector has recorded strong growth with a huge uptick in demand. The general economic outlook with employment, income and expenditure prospects improving further over the next one year Expected to sleep. The future expectations index (FEI) is also at a four-year high in the latest survey round. Indian households remain highly optimistic about future earnings. They are less pessimistic about current price levels and inflation than they were a year ago. Overall, healthy balance sheets of banks and corporates, supply chain normalization, business optimism, strong consumer sentiment and strong government capital expenditure are conducive to strong economic growth in India.

# Agriculture: Natural farming has changed lives, also helpful in improving the climate.

Natural farming not only improves soil, water and environment but also strengthens livelihoods and reduces greenhouse gas emissions. Today, in many western countries, farmers with hundreds of acres of agricultural land are said to be in crisis. Even in India, farmers are in serious trouble, but here the ray of hope is that on the basis of meaningful efforts, even farmers with small landholdings of two to four acres are achieving satisfactory livelihood. One such effort can be seen in Terai village of Lalitpur district, Talbehat block (Uttar Pradesh). Here the family of Bhuniya Devi and Pajan Lal Kushwaha have only two and a quarter acres of land, on most of which their entire family is doing natural farming. They will soon do natural farming on the remaining land also. In this way, they have saved the expenditure on chemical fertilizers and pesticides etc. By using cow dung manure and cow urine, organic pesticides etc. he has ensured that the production is better than before. Along with maize, they do mixed farming of brinjal, yam, ginger, cucumber, fruits etc. In the remaining 300 square meter area of the farm, they are producing vegetables and some fruits in a multi-tier system. By planting bamboo, wires, fencing etc., crops like ridge gourd, cucumber, gourd etc. are grown on the top, and on the ground surface, crops like tomato, chilli, coriander etc. are grown and on the third level, crops growing under the ground like radish, carrot, onion, turmeric are grown. , cultivate ginger, taro, yam etc. Around this, he has also planted lemon, guava, mango, papaya and jackfruit trees on the ridge. In this way, while on one hand they have strengthened the nutrition system of their household, on the other hand they have also ensured cash income. Fruits and vegetables produced through natural farming have good demand in the market and get fair prices. By doing animal husbandry along with farming, they get an annual income of about one and a half to two lakh rupees along with better nutrition of the family. Seeing the success of Pajan Lal, his three brothers have also started natural farming. A part of younger brother Jagdish's farm was infertile, where the soil yielded little to no crops. But when this land was nourished by mixing some gram flour, jaggery etc. in the manure of cow dung and cow urine, then green crops started growing on it too. Komal Prasad Aharwar also has less land, but he also tried to improve the land in the same way. Nutrition and income have increased through the use and production of diverse crops. Apart from this, he also earns from goat rearing. His wife Sheela runs the Natural Farming Centre. Many farmers of Terai village say that after adopting natural farming, earthworms have started appearing in large numbers in the fields, which keep the soil moist and make it friable. Similarly, other creatures that are friends of farmers are also increasing. Here, Srijan and Card institutions made an important contribution in increasing natural farming under the Biwal Project. The first 10 leading farmers adopted natural farming completely or partially. When other farmers saw that natural farming was producing good production at low cost, they also started adopting it in large numbers. In villages like Terai, the irrigation situation is good, but in villages where irrigation situation is weak, these institutions provided favorable conditions for adopting natural farming through water-conservation measures. Water conservation was increased by making pits in the natural drains using the 'Doha' method and this also increased the water level in the wells. By removing soil from the ponds, their water conservation capacity was increased, while by applying the removed soil and silt in the fields, the fertility of the fields increased. A part of younger brother Jagdish's farm was infertile, where the soil yielded little to no crops. But when this land was nourished by mixing some gram flour, jaggery etc. in the manure of cow dung and cow urine, then green crops started growing on it too. Komal Prasad Aharwar also has less land, but he also tried to improve the land in the same way. Nutrition and income have increased through the use and production of diverse crops. Apart from this, he also earns from goat rearing. His wife Sheela runs the Natural Farming Centre. Many farmers of Terai village say that after adopting natural farming, earthworms have started appearing in large numbers in the fields, which keep the soil moist and make it friable. Similarly, other creatures that are friends of farmers are also increasing. Here, Srijan and Card institutions made an important contribution in increasing natural farming under the Biwal Project. The first 10 leading farmers adopted natural farming completely or partially. When other farmers saw that natural farming was producing good production at low cost, they also started adopting it in large numbers. In villages like Terai, the irrigation situation is good, but in villages where irrigation situation is weak, these institutions provided favorable conditions for adopting natural farming through water-conservation measures. Water conservation was increased by making pits in thIf small farmers of our country are achieving prosperity by better utilization of their small land holdings, then it is very promising news. By adopting natural farming, soil, water and environment are not only improving, livelihoods are also being strengthened. This is a sustainable improvement that not only reduces greenhouse gas emissions, but also increases farmers' ability to withstand adverse weather conditions in the face of climate change.

# डेंगू ज्वर के बढ़ते प्रकोप से होती मौते और मरीज़ों के इलाज के संबंध में दिया ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ



मुरादाबाद- विगत 3 माह से लगातार उत्तर प्रदेश में डेंगू ज्वर के कारण कई मौते हो चुकी है। आये दिन अखबारों में जनता की समस्याओं के हुई मौतें के आंकड़े आया करते है। उत्तर प्रदेश-बिहार सहित दक्षिण भारत के कई राज्यों में इन दिनों डेंगू के कारण हालात बिगड़ने की खबर है। कई राज्यों में रोजाना डेंगू के मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। हालिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि उत्तर से लेकर दक्षिण भारत के कई राज्य इन दिनों संक्रमण की गंभीर स्थिति की चपेट में हैं। उत्तर प्रदेश में डेंगू के मामलों की संख्या 1700 के आंकड़े को पार कर गई है। पिछले 24 घंटे में अकेले लखनऊ से ही 37 के करीब मामले सामने आए हैं।इन सब परिस्तिथियों के बावजूद ब्लॉक व तहसील स्तर के सरकारी अस्पतालों में प्लेटलेट नही दी जा रही है। कई जनपदों के स्तर पर डेली फोगिंग की व्यवस्था होनी चाहिए वो नही है।सबसे महत्पूर्ण जांच छ्क्ष्ट है जिसमे प्लेटलेट काउंट के बारे में पता चलता है उसकी व्यवस्था सारे जनपदों में तहसील स्तर तक के अस्पतालों में होनी चाहिए जो नही है। जबकि लैब टेक्नीशियन हर अस्पताल में है। सरकारी अस्पतालों में लैब में छ्क्ष्ट काउंट के लिए रेजिन की व्यवस्था जल्द से जल्द कराई जाए।मात्र अलग से कुछ बेड को डेंगू के नाम से आरक्षित कर लिया जाता है जबकि डेंगू ज्वर से पीड़ित लोगों की संख्या कही अधिक है। पूरे वार्ड आरक्षित होने चाहिए। प्लेटलेट की trombosis को रोकने के लिए अधिक मात्रा में हृस और ष्ठहृस की व्यवस्था सुचारू रूप से करे। 1 यूनिट ब्लड डोनेशन के उपरांत मात्र 1 यूनिट प्लेटलेट ही उपलब्ध कराई जाती ह

जबकि सेपरेशन मशीन से 3 यूनिट तक प्लेटलेट मिल जाती है। ये गड़बड़ ब्लड बैंक की तरफ से कराई जा रही है। एक साधारण नर्सिंग होम में मरीज़ों के लिए 20000 तक होने वाला खर्च संभव नही है। कृपया नर्सिंग होम स्तर पर सरकार इसको कम से कम खर्च पर लाये। डेंगू के साथ साथ बढ़ता टाइफाइड फीवर गंदे पानी के सेवन के कारण हो रहा है। साफ क्लोरीनीकरण पानी की आवश्यता की पूर्ति की जाएं। इन्ही मांगो के साथ मान्यवर समाजवादी छात्रसभा की राष्ट्रीय कार्यकारणी आपके सम्मुख ये ज्ञापन प्रस्तुत करती है। ज्ञापन के बाद सीएमओ मुरादाबाद ने कहा कि की जो भी खामियां हैं उन्हें दूर किया जाएगा ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव वसीम अकरम सपा मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष शाकिर अली राइनी सपा महानगर कमेटी में उपाध्यक्ष फहीम मंसूरी, छात्र नेता फाजिल मलिक, छात्र नेता विवेक चौहान, छात्र नेता अरबाज खान, सपा महानगर कमेटी में सचिव शकील अंसारी, छात्र नेता मौ अदनान, राशिद अली सिद्दीकी, आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे

# बहेड़ी ब्रह्मनान में किया गया ग्राम चौपाल का आयोजन



क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ


मुरादाबाद- बीडीओ डिलारी राजेश अग्रवाल ने की जन कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा। मुरादाबाद जनपद के विकास खण्ड डिलारी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बहेड़ी ब्रह्मनान स्थित पंचायत भवन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया । चौपाल में खण्ड विकास अधिकारी राजेश अग्रवाल द्वारा प्रतिभागी क्षेत्रवासियों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की जन कल्याणकारी योजनाओं यथा आयुष्मान कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन, वृद्धा पेंशन, 60 वर्ष से कम आयु पर विधवा पेंशन, दिव्यांगजन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। तथा ग्राम पंचायत अधिकारी को प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित कराने के निर्देश दिये। प्रधान अल्पना पंकज भारद्वाज, सहकारी समिति सभापति पं.राधेश्याम शर्मा,बहुउदेश्य सहकारी समिति सचिव, ग्राम पंचायत अधिकारी जकी अनवर,बाबूराम रुहेला, रविन्द्र रुहेला, ओमप्रकाश रुहेला, खेमपाल सैनी, रिजवान पधान , पंचायत सहायक बबिता रुहेला, ओमपाल सिंह, राजवीर प्रजापति,डोरी सिंह, मुसर्रत अंसारी, बालकिशन,भोलू सिंह, मनोज रुहेला, आदेश सैनी, मुशाहिद सैफी, आनन्द शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे । संचालन सचिव जकी अनवर द्वारा किया गया। पूर्व ग्राम प्रधान पं. राधेश्याम शर्मा द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य व्यक्तियो का आभार व्यक्त किया गया।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश , उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# टाटा मैजिक ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत...दो महिलाएं घायल

मुरादाबाद-बिलारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बाइक पर बहन व एक अन्य महिला को बैठकर दवा लेने जा रहे युवक को टाटा मैजिक टक्कर मार दी। घटना में बाइक चालक की मौत हो गई जबकि, उसकी बहन व महिला गंभीर रूप से घायल हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया और दोनों घायल महिलाओं को जिला अस्पताल रेफर किया है।


बताया जा रहा है कि नकर थाना महिला केयर निवासी 18 वर्षीय साकेत पुत्र कासिम सुबह अपनी बहन सीमा और पड़ोस में अर्शी पत्नी ममनून हुसैन को



बाइक से दवा लेने के लिए बिलारी जा रहा था। वह हाथीपुर बहाउद्दीन मोड़ पर पहुंचा ही था कि सामने से आ रही टाटा मैजिक ने टक्कर मार दी। बाइक भी रफ्तार में थी, इसलिए हादसे में बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरे और इन्हें काफी चोटे आई हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर घर वाले भी पहुंचे थे। परिवारजन ने बताया कि शाकिर ट्रक चलाने का काम करता था। शाकिर दो भाइयों में छोटा था। 7 वर्ष पूर्व इसके पिता की भी मौत हो गई थी। परिवार में मां नसरीन सहित अन्य सभी लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। उधर पुलिस ने शाकिर के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पीड़ित परिवार का आरोप हत्या के दो आरोपियों की पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ




मुरादाबाद- मुरादाबाद छजलैट थाना क्षेत्र का रहने वाला एक पीड़ित परिवार ने अपने बेटे की हत्या करने का आरोप लगाते हुए गांव के ही युवकों पर कार्रवाई की मांग कर रहा है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उन्होंने इस संबंध में थाने में शिकायत भी की मगर अभी तक पुलिस ने इस मामले में आरोपियों की कोई भी गिरफ्तारी नहीं की है, हार मानकर पीड़ित परिवार ने अब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थना पत्र देते हुए इंसाफ की गुहार लगाई है। दरअसल छजलैट थाना क्षेत्र के गांव लदावली के रहने वाले चरन सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा उसके बेटे सुमित को दिनांक 30 अगस्त 2023 की दोपहर को गांव के ही दो लड़के अमन पुत्र मुन्ना व सोनू पुत्र राजेश घर से बुलाकर ले गए थे। जब शाम हुई तब हमने उन्हें फोन किया तो वह फ़ोन पर बार- बार यह बात कहते रहे कि अभी थोड़ी देर में आ रहे हैं। परन्तु वह रात 8:00 बजे तक नहीं आए तो हमने जानकारी निकालनी शुरू की तो पता चला कि पुत्र सुमित का शव रेल की पटरी के पास पड़ा हुआ है हम जब तक वहां पहुंचे तो पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और हमने उन दोनों लड़के के बारे में जानकारी ली तो वह घर से फरार हैं और आज तक घर नहीं आए। हमने थाने जाकर घटना के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया जिस पर हमारी अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पीड़ित परिवार इस मामले में न्याय की गुहार लगा रहा है।

# डेंगू चिकनगुनिया को महामारी घोषित कर मुफ्त इलाज की सुविधा दे सरकार, शिवसैनिकों ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन




मुरादाबाद- मुरादाबाद सहित प्रदेश के अन्य जिलों में डेंगू, चिकनगुनिया बीमारी से संक्रमित मरीजों की बढ़ती संख्या महामारी का रुप ले चुकी है। अस्पतालों में इनके मरीज भरे पड़े हैं। इसको देखते हुए डेंगू, चिकनगुनिया को महामारी घोषित करने की मांग को लेकर शिवसैनिकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। ज्ञापन देकर सरकार से इस बीमारी को महामारी घोषित कर सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा दिलाने की मांग की। शिवसेना के मंडल प्रमुख डा. रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को दिया। ज्ञापन में डेंगू, चिकनगुनिया व अन्य अज्ञात बीमारी की जांच कर महामारी घोषित करने व फ्री इलाज करने तथा इस बीमारी के मृतकों आश्रितों को मुआवजा देने की मांग की ! जिला प्रमुख गुड्डू सैनी ने कहा डेंगू/चिकनगुनिया व अन्य अज्ञात बीमारी से कोरोना काल से भी ज्यादा मौतें हो रहीं हैं। श्मशान घाटों पर दाह संस्कार करने को इंतजार करना पड़ रहा है। सरकार इस महामारी रोकने को कारगार उपाय करें। मरीजों का सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में मुफ्त इलाज कराए। इस दौरान महानगर प्रमुख मनोज ठाकुर, युवा जिला प्रमुख अंकित ठाकुर, जिलाध्यक्ष भवानी सेना ठाकुर मंजू राठौर, विजय सेठ,अजय सैनी, कपिल ठाकुर,ओमप्रकाश सैनी, बाबा कुशल सिंह, राजा,नेमवती देवी, हर्ष राजपूत सहित अन्य शिवसैनिक मौजूद रहे।

# चोरी का ई रिक्शा दलपतपुर में बेचने पहुंचा आरोपी, कबाड़ी ने पुलिस से पकड़वाया



मुरादाबाद- दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र के दलपतपुर चौराहे पर चोरी का ई रिक्शा बेचने पहुंचे आरोपी को कबाड़ी ने पुलिस को फोन कर पकड़वा दिया। पकड़े गए आरोपों के मुताबिक, वह जामा मस्जिद के पास से ई रिक्शा को चोरी किया था। शुक्रवार दोपहर में वह दलपतपुर चौराहे पर ई रिक्शा को ले जाकर पहले उसमें बैटरी निकाली एल, जिसे बेचने को वह कबाड़ी के पास गया था। बैटरी की कीमत के मुताबिक काफी कम पैसे पर बेचने को तैयार आरोपी को कबाड़ी भांप गया और उसने दलपतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज को फोन कर मामले की खबर दी। कुछ देर बाद पुलिस आई और उसे हिरासत में लेकर चली गई। बातचीत में आरोपी ने बताया कि वह पहली बार शुक्रवार रात को ई रिक्शा चोरी किया था। उसे परिवार में दवा के लिए पैसों की जरूरत थी। उधर, मूंढापांडे थानाध्यक्ष दीपक मलिक ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है। चोरी वाला ई रिक्शा भी बरामद किया गया है, आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ, ज़िले भर से जुटे शिक्षक



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार गुप्ता

बरेली।31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को बिशपमण्डल इण्टर कॉलेज के सभागार में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह विशिष्ट अतिथि डाइट प्राचार्य मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया । स्कूली छात्रों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की सफलता की कामना की।इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्री सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच जागृत करने पर हम सबको बल देना चाहिए। कार्यशाला के आयोजन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा आगे भी इस प्रकार के आयोजन करने से आपसी तालमेल भी बढ़ता है। प्राचार्य श्री कुमार ने इकोसिस्टम संरक्षण को विस्तार पूर्वक समझाया। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के मुख्य विषय卐स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए परितंत्र को समझना 卐विषय को एकेडमिक समन्वयक उपेन्द्र सिरोही ने विस्तार पूर्वक स्पष्ट किया प्रोजेक्ट निर्माण की जटिलताओं को बताया। जिला विज्ञान समन्वयक देवेन्द्र कुमार के निर्देशन में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें जिले भर के 70कालेजों ने हिस्सा लिया।इस मौके पर विष्णु इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य शरद कुमार शर्मा ने पराली जलाने के दुष्परिणामों तथा जल संरक्षण विषय पर विशेष विचार व्यक्त किए।आई वी आर आई के वैज्ञानिक डीसी शुक्ला ने अपने परितंत्र को कैसे सुरक्षित रखें,विषय पर विचार रखे। डाक्टर नमिता त्रिपाठी, हेमपाल गंगवार,ने भी अपने सम्बोधन में विज्ञान के नये-नये प्रयोग छात्र-छात्राओं से कराने पर बल दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन जगमोहन सिंह प्रधानाचार्य विशपमण्डल इण्टर कॉलेज ने किया।

# त्योथर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का आगमन हुआ



क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का हुआ आगमन उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा जी का भी आगमन हुआ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सिद्धार्थ तिवारी जी को भारी मतों से विजई बनाने की अपील की जिसका सभा स्थल में भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने समर्थन किया त्योंथर की आन है त्योंथर की सान है सिद्धार्थ तिवारी और जनता की जान हैं सिद्धार्थ त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के जनता की जान सिद्धार्थ तिवारी राज, के समर्थन में लगी जनता की भीड देख भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के उड़े होश जनता ने लगाई आवाज सिद्धार्थ को विधानसभा तक पहुंचाना है हम सब ने यह ठाना है गरीबों के मसीहा का सिद्धार्थ का होगा बेंडा पार ये है जनता की पुकार भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मध्यप्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव में प्रचार करने त्योंथर पहुंचे सबकी नजर में है त्योथर विधानसभा की जीत जे पी नड्डा ने जनता से की अपील सिद्धार्थ के जीत के लिए जनता से किए निवेदन सब की नजर में है विंध्य क्षेत्र की चिंता त्योंथर विधानसभा क्षेत्र की कहानी निराली है भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे सिद्धार्थ तिवारी के प्रचार में

## त्योथर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में त्रिकोणीय मुकाबला होने के बन रहे आसार भाजपा मे भितरघात की सम्भावना

क्यूँ न लिखूँ सच -आलोक मिश्रा

त्योथर रीवा जिले में तो मौजूदा समय में छः विधानसभा सीटे आती है जिसमें त्योथर विधानसभा की सबसे हाट सीट मे सुमार त्योथर विधानसभा सीट शुरू से ही मानी जा रही है टिकट वितरण से लेकर उम्मीदवार की घोषणा तक सभी की पार्टियों की निगाहें त्योथर विधानसभा पर ही टिकी रही वैसे तो मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की हर सीट पर सीधा मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के ही इर्द गिर्द दिखाई पड रहा है कहीं कहीं कुछ सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले में बहुजन समाज पार्टी भी मुकाबले में दिख रही है चुनाव मैदान तो आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी भी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारा है जो केवल बोटकटवा ही दिखाई पड रहे हैं त्योथर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा बसपा के बीच में ही दिखाई पड रहा है भाजपा ने कांग्रेस से बगावत कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए सिद्धार्थ तिवारी राज को अपना उम्मीदवार बनाया है जिससे पार्टी अन्दरूनी कलह से भी जूझ रही है वैसे तो चुनाव प्रचार में भारतीय जनता पार्टी के नेता सिद्धार्थ तिवारी राज के साथ चुनाव प्रचार में देखे जा रहे हैं लेकिन उत्साह कम मायूसी ज्यादा दिखाई पड रहा है जिससे भाजपा उम्मीदवार को अन्तरकलह और भितर घातक का भी सामना करना पड़ सकता है वही कांग्रेस पार्टी ने अपने पुराने उम्मीदवार पर एक बार पुनः भरोसा जताया है जिन्हें दो बार इसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी द्वारा शिकस्त झेलनी पडी थी और कभी सिद्धार्थ तिवारी राज भी इसी पार्टी का हिस्सा हुआ करते थे जो आज भाजपा का दामन थाम कर भाजपा उम्मीदवार के रूप में रमाशंकर सिंह पटेल से दो दो हाथ करने मैदान में उतर चुके हैं यह दोनों उम्मीदवार कांग्रेस मे रहते हुए विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार से गत चुनाव में शिकस्त भी खा चुके हैं वहीं भाजपा के कद्दावर नेता के रूप में जाने वाले दादा देवेन्द्र सिंह भी जो भाजपा की नीतियों का बखान करते नहीं थकते थे भाजपा से बगावत कर बहुजन समाज पार्टी का दामन थाम कर चुनाव मैदान में उतर चुके हैं जिससे त्योथर विधानसभा चुनाव तिकोणीय बन गया है तीनों पार्टियों के उम्मीदवार चुनाव प्रचार में में अपना पूरा दमखम के साथ मैदान में हैं कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवार अपनी पार्टियों से बगावत कर नये दल से चुनाव मैदान में हैं जिन्हें कभी उन पार्टियों का एजेन्डा समझ से परे रहा और आज उसी का गुणगान जनता के बीच कर रहे हैं आम आदमी पार्टी ने अपने पुराने उम्मीदवार पर भरोसा न करके नये उम्मीदवार के रूप में महर्षि पटेल पर अपना भरोसा जताया है जो केजरीवाल की नीतियों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं वही समाजवादी पार्टी ने अपने पुराने उम्मीदवार त्रिनेत्र शुक्ला पर पुनः भरोसा जताया है जो समाजवाद का झन्डा जनता के बीच में है त्योथर क्षेत्र। की जनता किसे अपना समर्थन देगी अभी जनता कसौटी कस रहीं हैं वैसे तो आप और सपा के पास खोने को कुछ नहीं है भाजपा और कांग्रेस अपनों के भितरघात से कैसे पार पाएंगे यह तो वक्त ही तय करेगा लेकिन बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार को भरोसा है कि दोनों दलों के नाराज़ मतदाताओं का लाभ मिल सकता है जिसका निर्णय तो त्योथर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की जनता ही तय करेगा मुकाबला दिलचस्प होगा और तिकोणीय होने की सम्भावना अभी दिखाई पड रहा है

# गुनौर के विकास में कोई कमी नहीं छोडूंगा -शिवराज सिंह चौहान




क्यूँ न लिखूँ सच
घनश्याम प्रसाद शर्मा


पन्ना - मै अपने प्रदेश की बहनों को सशक्त और सक्षम बनाने के लिये जुटा हुआ हूँ इस प्रदेश की जनता मेरी भगवान है। प्रदेश की जनता को खुशहाल बनाने के लिये भारतीय जनता पार्टी ने सेवा भावना से काम किया है महिलाओं के खाते में सीधा पैसा जाने लगा तो कांग्रेस को बहुत तकलीफ हो रही है वह रूकवाने में लगे है परंतु मैं उनके मंसूबे पूरे नहीं होने दूंगा । हम प्रदेश में सरकार नहीं परिवार चलाते है । भांजे भांजियों, बेटा बेटियों, बुजुर्गों, माता बहनों का भैया हूं ,कांग्रेस के किसी मुख्यमंत्री ने आज तक एक पैसा नहीं दिया ,जिसके दिल में प्यार है वही चिंता करता है, बहनों को कभी पैसों की जरूरत पड़ जाए तो उन्हें हाथ फैलाना पड़ता था। उन्हें उनके भैया ने पैसा नहीं सम्मान देने का प्रयास किया है । इस आशय की बात प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुनौर विधानसभा के देवेंद्रनगर में भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन आमसभा को संबोधित करते हुये कही । श्री चौहान ने कहा कि हमने इस प्रदेश की बहनों का भाई होने का फर्ज निभाया है ।

उन्हें 1000 रूपये प्रतिमाह देने की शाुरुआत की और 1250 रुपए अभी दे रहा हूं आगे इस राशि को बढ़ाकर 3000 करने के साथ ही प्रत्येक महिला को लखपति बनाने का कार्य तमाम योजनाओं के माध्यम से करूंगा अभी एक करोड़ 32 लाख महिलाओं को लाडली बहन का लाभ मिल रहा है जो महिलाएं शेष बची हैं उन्हें भी चुनाव के बाद इस योजना से जोड़ा जाएगा और लाभ दिया जाएगा हमने स्वास्थ्य, शिक्षा ,सड़क ,बिजली ,पानी के साथ गरीब किसानों की चिंता की और सबके सम्मान में कार्य करने का प्रयास किया है । मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गुनौर विधानसभा क्षेत्र से ऊर्जावान युवा प्रत्याशी भाजपा ने दिया है और इस क्षेत्र की सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, सहित जो भी विकास के काम है उन्हें पूरा कराने और हर समस्या के निराकरण के लिये राजेश वर्मा हमेशा सजग रहने वाले है और इस क्षेत्र से इन्हें भारी मतों से जिताएँ । इस क्षेत्र की सभी मांगो को पूरा किया जायेगा । श्री चौहान ने आदिवासी समाज के लिये चलाई अनेक योजनाओं को गिनाया और साथ ही पेसा एक्ट के माध्यम से उन्हें मिले अधिकारों का जिक्र भी किया । मुख्यमंत्री का हुआ भव्य स्वागत - चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रामबिहारी चौरसिया प्रत्याशी राजेश वर्मा विधानसभा प्रभारी , विधानसभा क्षेत्र के जिला पदाधिकारियों, मंडलों के अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री जी का गर्मजोशी से स्वागत किया । भाजपा से प्रत्याशी श्री राजेश वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विकास में मै कोई कमी नहीं रहने दूंगा आप सभी मुझे आपना आर्शीवाद प्रदान करें और 17 नबंबर को भाजपा के पक्ष में मतदान करें।

# विधान सभा चुनाव में होने वाले मतदान का जनता बहिष्कार के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखा पत्र










क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

विधायक दिव्यराज सिंह के कार्यों की खुल रही है पोल पांच वर्ष में ऐसा किए कार्य कि जनता मतदान करने का ही करने लगी बहिष्कार क्या इस वार विधायक का होगा बेंडा पार निवेदन है कि हमारे ग्राम पंचायत गाढ़ा 138 जवा तहसील रीवा के समस्त ग्राम वासियों ने विधान सभा चुनाव 2023 में मतदान न करने का निर्णय लिया गया है। हमारे ग्राम पंचायत गाढ़ा 138 में मतदान केन्द्र न बनाया जाए और संबंधित कोई भी धनराशि खर्च न की जाए चुनाव चुनाव बहिष्कार करने का कारण ग्राम पंचायत गाढ़ा 138 ( खटिशन टोला + कोटिया टोला ) मे सन आजादी से लेकर 2023 तक आज तक इसी गांव का विकास नही हुआ। ( 3 ) इस गाँव मे ना ही सड़क, पुल है और ना ही पीने के लिए पानी की व्यवस्था है 1000 की आबादी में 2 हैण्डपंप है। कुछ लोग नदी का पानी पीने में मजबूर है।( 3 ) सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह ने हम लोग अनुसूचित जाति होने डे कारण 10 वर्षो में कोई भी कार्य नहीं किया पूरा पैसा विधायक सचिव सरपंच ने हड़प लिया गया है 2023 में ग्राम पंचायत गाए में 2 करोड ड1 लाख 15 हजार रुपये की राशि सड़क-पुत्र के लिए मजूर हुआ था लेकिन विधायक, देकेदार PWD-SDO, मिड पूरा वा अत~ श्री मान जी मे निवेदन है कि जब तक लख पुल का निर्माण नहीं हो जाता है तब भी लोग मतदान नहीं करेंग धनेश सोनकर एवं ग्रामपंचात 138 जा

# टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने किया बेहतर प्रदर्शन सेमीफाइनल में जगह बनाई



क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहीं इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दिन विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। बालक वर्ग में अल्मा मातेर ने जीश आर श एमश दोहरा रोड को 4 - 1, 4 - 0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई अंडर 19 बालक वर्ग में अल्मा मातेर ने जीश आर श एमश नैनीताल रोड 4 - 0 , 4 - 3 से , जीश डीश गोयनका ने माधवराव सिंधिया को 4 - 0 , 4 - 1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई अंडर 19 फाइनल बालिका वर्ग में अल्मा मातेर ने सेंट जेवियर को हराकर विजय प्राप्त की। क्वार्टर फाइनल अंडर 12 बालक वर्ग में अल्मा मातेर के जश्न , राजवीर ,जीश आर श एमश दोहरा के रोशील , चिक्कर के आरिश और जीश डीश गोयनका स्कूल के भाविक ने सेमिफाइनल में जगह बनाई क्वार्टर फाइनल अंडर 14 बालक वर्ग में जीश आर श एमश दोहरा के अक्षय, एकलव्य जीश आर श एमश नैनीताल के कबीर ने सेमिफाइनल में जगह बनाई क्वार्टर फाइनल अंडर 18 बालक वर्ग में जीश डीश गोयनका के तनिष्क सोंधी , अल्मा मातेर के देव और देवांश ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।इस मौके पर चेयरमैन पारूष अरोड़ा ने खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को और ज्यादा मेहनत करने का आह्वान किया। तमाम स्कूलों से आए शिक्षकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। प्रधानाचार्या ममता सक्सेना ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर उनका मनोबल बढ़ाया।

## चोरी हुए फोन की शिकायत दर्ज कराने पहुंचा थाने, पुलिस बोली कहीं गिर जाने की दो तहरीर, कप्तान के आदेश पर हुआ मुकदमा दर्ज़

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ - मोबाइल लूट का मुकदमा दर्ज ना करने पर पीड़ित द्वारा पुलिस कप्तान के यहां पहुंचने पर थाना पुलिस ने आनन फानन मुकदमा दर्ज कर पीड़ित को तसल्ली दे दी। थाना हरदुआगंज के गांव मोरथल निवासी नदीम खान के साथ मोबाइल लूट की घटना 29 अक्तूबर को तालानगरी पैंठ में हुई थी। वह पैंठ से सब्जी खरीद रहा था तभी एक लुटेरा मोबाइल छीनकर पहले से तैयार बैठे बाइक सवार के साथ बैठकर फरार हो गया नदीम ने उक्त अज्ञात लुटेरे का पीछा भी किया लेकिन नाकाम रहा। पुलिस बोली गिर जाने की दो तहरीर- मोरथल निवासी नदीम ने फोन की लूट हो जाने के बाद थाना हरदुआगंज की ओर रुख किया, और थाने में फोन की लूट हो जाने की तहरीर दी। लेकिन पुलिस कर्मियों ने अपना पल्ला झाड़ते हुए नदीम को मोबाइल के गिर जाने या कहीं खो जाने की तहरीर देने की नसीहत दे डाली। कप्तान के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा- थाना पुलिस से किसी भी तरह की कार्रवाई ना होती दिखाने पर नदीम ने पुलिस कप्तान का दरवाजा खटखटाते हुए अपनी बात रखते हुए पुलिस द्वारा कही हुई बात कही। पुलिस कप्तान के आदेश के बाद थाना हरदुआगंज में मुकदमा दर्ज हो सका है।

# जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार अधिक होना इससे साफ जाहिर होता है स्वास्थ्य विभाग से कहीं ना कहीं गलती जरूर हो रही है - राकेश

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

